दिन– शुक्रवार | दिनांक– 19/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत का दावा किया।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल गयाजी आ रही हैं। पितृपक्ष मेले में पितरों के लिए करेंगी पिंडदान।

03. बिहार पुलिस ने सूखे नशे और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया।

04. और, राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द की।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का दावा किया है। श्री शाह ने रोहतास के डिहरी और बेगूसराय में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। उन्होंने कहा कि विकसित बिहार की कल्पना को केवल एनडीए सरकार ही साकार कर सकती है।

———बाइट———

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल एक दिवसीय दौरे पर गयाजी आ रही हैं। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वे पितृपक्ष मेले में शामिल होकर अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान करेंगी। श्री विष्णुपद प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शम्भू लाल विट्ठल ने बताया कि राष्ट्रपति एक दिन के विधान के तहत पिंडदान करेंगी। इधर, जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के आगमन को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

———————————————————

बिहार पुलिस ने सूखे नशे और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया है। अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि इस इकाई का अपना अलग थाना होगा।

———बाईट———

श्री कृष्णन ने बताया कि नई इकाई के लिए गृह विभाग ने तीन सौ उनतालीस पदों को मंजूरी दी है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी जिलों को आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि केवल अत्यावश्यक स्थिति में ही छुट्टी दी जायेगी। मुख्य सचिव ने पूजा के दौरान कानून व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर चौकस नजर रखने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने वस्तु और सेवा कर की नयी दरों को देखते हुए संशोधित परामर्श जारी किए हैं। नई जी.एस.टी. दरें सोमवार से लागू हो रही हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

परामर्श के अनुसार, विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातक 22 सितम्बर से पहले विनिर्मित और बिना बिके पैकेज पर संशोधित मूल्य का स्टिकर लगा सकते हैं, लेकिन पैकेज पर पहले से छपा अधिकतम खुदरा मूल्य स्पष्ट दिखना चाहिए। मंत्रालय ने परामर्श में जी.एस.टी. संशोधन लागू होने से पहले की पैकेजिंग सामग्री या रैपर के, अगले वर्ष मार्च तक या पुराना स्टॉक खत्म होने तक, उपयोग की अनुमति दी है। परामर्श में यह भी कहा गया है कि कम्पनियां नया स्टिकर लगाकर या पैकेज के किसी उपयुक्त स्थान पर प्रिंट कर अधिकतम खुदरा मूल्य सही कर सकते हैं। सरकार ने डीलरों, खुदरा विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को संशोधित जी.एस.टी. दरों के बारे में सूचित करने के लिए विनिर्माताओं, पैकर्स और आयातकों को समुचित उपाय करने को कहा है। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट और सोशल मीडिया सहित सभी सम्भव संचार माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। मंत्रालय के अनुसार, इस कदम से व्यापार सुगमता और उपभोक्ताओं का हित संरक्षित करने के प्रयासों में संतुलन बनेगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित होगा कि उद्योगों पर अनुपालन का अधिक बोझ न पडे और जी.एस.टी. दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

———————————————————————

और आईये अब सुनते हैं अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से ऑटो मोबाइल उद्योग में सम्भावित प्रभावों पर एक रिपोर्ट———

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेश में राशन कार्ड से वंचित पात्र परिवारों के लिए विशेष शिविर लगाकर उन्हें इस सुविधा का लाभ दिया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय अयुक्तों और विभागीय अधिकारियों को आदेश दिया है। उन्होंने जन वितरण प्रणाली की दुकानों की रिक्तियों को शीघ्र भरने का भी निर्देश दिया।

———————————————————————

मुंगेर के जमालपुर स्थित रेल कारखाना से उनचास वैगनों को नॉर्थ फ्रंटियर रेलवे के लिए रवाना किया गया। मुख्य कारखाना प्रबंधक बी.पी वर्णवाल ने बताया कि

इस पर तीस करोड़ रूपये की लागत आयी है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी रेल वैगन का नियमित रूप से निर्माण किया जायेगा।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, सेवा और सुशासन के मंत्र से अभिप्रेरित होकर, परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला सेवा पर्व में आज महिला सशक्तिकरण के लिये मोदी सरकार के प्रयासों का उल्लेख किया जा रहा है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में हीरो एशिया कप दो हजार पच्चीस की विजेता भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। श्री कुमार टीम के सभी खिलाड़ियों को दस–दस लाख रूपये और सपोर्टिंग स्टॉफ को पांच–पांच लाख रूपये सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेंगे।

————————————————————————

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज भारत ग्रुप–ए के अंतिम मुकाबले में ओमान के साथ खेलेगा। यह मैच रात आठ बजे से अबूधाबी में खेला जाएगा। इधर, कल खेले गये एक मैच में श्रीलंका, अफगानिस्तान को छह विकेट से हराकर सुपर –फोर में पंहुच गया है।

————————————————————————

समाज कल्याण विभाग की ओर से आज छपरा के राजेन्द्र स्टेडियम में स्टेट वाइड पारा स्पोट्र्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सारण, सिवान और गोपालगंज जिले के दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

————————————————————————

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज पूर्वी चम्पारण, मुजफ्फरपुर, सारण और भोजपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तेज हवा के साथ बारिश की सम्भावना है।

————————————————————————

प्रदेश में पोषण माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, भागलपुर, जिला स्वास्थ्य समिति, आईसीडीएस और यूनिसेफ के सहयोग से इस अवसर पर पूर्णिया जिले के बायसी प्रखंड परिसर में एक दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, खगड़िया में इस अवसर पर

मानसी बाल विकास परियोजना की ओर से आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इधर, दरभंगा में केन्द्रीय संचार ब्यूरो और यूनिसेफ के सहयोग से आज पोषण मेला सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————

पटना के बख्तियारपुर में भाजपा के प्रचार वाहन में तोड़फोड़ करने के मामले में एक सौ पचास अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

———————————————————————

अररिया की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में दोषी मोहम्मद हसरत को बीस वर्ष कारावास और पचास हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

राजस्व और आसूचना निदेशालय की पटना क्षेत्रीय इकाई ने पटना के बांसघाट से दो तस्करों को तेंदुए की खाल और अन्य प्रतिबंधित सामानों के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हवाले से लिखा है– राहुल गांधी ने घुसपैठिया बचाओ यात्रा निकाली थी।

दैनिक जागरण ने लिखा है– अब स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगार युवक–युवतियों को भी दो साल तक प्रतिमाह एक हजार रूपये।

प्रभात खबर लिखता है– राहुल बोले वोट चोरों की रक्षा कर रहा ईसी, आयोग ने कहा आरोप निराधार।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– तेजस्वी के संजय के खिलाफ अब रोहिणी ने मोर्चा खोला। कहा–लालू तेजस्वी की जगह कोई और बैठे मंजूर नहीं।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– वैष्णो देवी यात्रा रूकने के बाद दोबारा शुरू।

आज अखबार लिखता है– वंदे सनातनम् में जुटे राज्यभर के संत–महंथ।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत का दावा किया।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल गयाजी आ रही हैं। पितृपक्ष मेले में पितरों के लिए करेंगी पिंडदान।

03. बिहार पुलिस ने सूखे नशे और शराब तस्करी पर रोक लगाने के लिए मद्य निषेध और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया।

04. और, राज्य सरकार ने दुर्गा पूजा पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मियों की छुट्टियां रद्द की।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।